# त्रैमासिक परीक्षा सत्र 2022–23
## विषय– हिन्दी
## कक्षा 12वीं

**समय 3 घंटे** **पूर्णांक– 80**

निर्देश

1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
2. प्रश्न 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। जिसमें सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 07 अंक, सही जोडी 06 अंक, एक वाक्य 07 अंक, सत्य/असत्य 06 अंक के है।
3. प्रश्न 6 से 15 तक प्रत्येक के लिए 2–2 अंक आवंटित है।
4. प्रश्न 16 से 19 तक प्रत्येक के लिए 3–3 अंक आवंटित है।
5. प्रश्न 20 से 23 तक प्रत्येक के लिए 4–4 अंक आवंटित है।

प्र.1 सही विकल्प का चयन कीजिए। (6)

(1) अनावृष्टि दूर करने के लिए गॉव के बच्चों की टोली से चिढ़ने वाले लोग उन्हे क्या कहते है–
(अ) मेंढक मंडली (ब) चिपु मंडली
(स) वानर सेना (द) इंद्र सेना

(2) रेडियो नाटक में नहीं होते है–
(अ) दृश्य (ब) संवाद
(स) पात्र (द) ध्वनि

(3) दिन कैसे ढलता है–
(अ) बहुत धीरे (ब) धीरे–धीरे
(स) जल्दी–जल्दी (द) रूका रहता है

(4) हरिवंशराय बच्चन की प्रमुख रचना है।
(अ) निशा निमंत्रण (ब) कामायनी
(स) लोकायतन (द) प्रिय प्रवास

(5) अद्भुत रस का स्थाई भाव है।
(अ) निर्वेद (ब) शान्त
(स) विस्मय (द) वीर

(6) शब्द के पूर्व लगने वाले शब्दांश को कहते है।
(अ) प्रत्यय (ब) उपसर्ग
(स) तत्सम (द) तद्भव

प्र.2 सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। (7)

(1) द्वन्द्व समास में .................... पद प्रधान होते है। (पहला पद/दोनों पद)
(2) ग्राम पंचायत .................. शब्द है। (तत्सम / तद्भव)
(3) बाजार ............ करता है कि आयो मुझे–लूटो और लूटो। (आमंत्रित/परत)

https://www.mpboardonline.com

(4) जूझ कहानी लड़ते–झगड़ते किसान–मजदूरों के ..........की झॉकी है। (संघर्ष / निराशा)

(5) दंगल में उतर कर सबसे पहले ........... को प्रणाम करता था। (खेत / ढोलो)

(6) कवि हरिवंशराय बच्चन............. का उन्माद लिए फिरते है। (मरण / यौवन)

(7) "भाग्यवादी" का विलोम ............... होता है। (कर्मवादी / गुणवान)

प्र.3 सही जोड़ी बनाइए– (6)

(1) महादेवी वर्मा (अ) काले मेघा पानी दे

(2) जैनेन्द्र कुमार (ब) भक्तिन

(3) धर्मवीर भारती (स) बाजार दर्शन

(4) विशेषज्ञता (द) आत्म परिचय

(5) फणीश्वर नाथ 'रेणु' (इ) अनुभव का पर्याय

(6) हरिवंश राय बच्चन (फ) पहलवान की ढोलक

प्र.4 एक शब्द / एक वाक्य में उत्तर दीजिए। (7)

(1) यशोधर बाबू ने मैट्रिक की परीक्षा किस स्कूल से पास की थी?

(2) जिसकी कल्पना न की जा सकें।

(3) लेखक आनंद यादव और उसकी मॉ किसके पास गए?

(4) कहानी का केन्द्रीय बिन्दु क्या है?

(5) 'फिराक' किसका सम्मान करते हैं?

(6) रचना के आधार पर वाक्य के कितने प्रकार होते है?

(7) लेखक किस सभा का उपमंत्री बना दिया गया था?

प्र.5 सत्य/असत्य का चयन कीजिए। (6)

(1) विरोधाभास दो शब्दों से मिलकर बना है– विरोध आभास

(2) कथानक कहानी का अंतिम नक्शा होता है।

(3) आनंद यादव मराठी भाषा के विख्यात साहित्यकार है।

(4) महादेवी वर्मा ने कहा " आह मेरा गोपालक देश"।

(5) गगन का पर्यायवाची वसुन्धरा है।

(6) मॉ ने मारा तो बालक रूठ गया' सरल वाक्य है।

प्र.6 यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढ़ल सकने में सफल होती है, लेकिन यशोधर बाबू असफल रहते हैं। ऐसा क्यों? (2)

अथवा

रोला और सोरठा छन्द पर सक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

प्र.7 शीतल वाणी में आग के होने का क्या अभिप्राय है? (2)

अथवा

मानवीकरण अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

https://www.mpboardonline.com

प्र.8 भक्तिन अपना वास्तविक नाम लोगों से क्यों छुपाती थी? भक्तिन को यह नाम किसने और क्यों दिया होगा? (2)

अथवा

उपसर्ग और प्रत्यय को उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.9 बाजार जाते समय किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? (2)

अथवा

प्रगतिवाद काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

प्र.10 इण्टरनेट पर पत्रकारिता के कौन–कौन से दो रूप है? (2)

अथवा

फीचर लिखते समय किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

प्र.11 मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें। (2)

(1) कमर कसना (2) बाल–बाल बचना

अथवा

रस के प्रमुख अंग कौन–कौन से है? https://www.mpboardonline.com

प्र.12 जीजी ने इंदर सेना पर पानी फेंके जाने को किस तरह सही ठहराया?

अथवा (2)

निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(1) माधव (2) सुधा

प्र.13 क्रिया–विशेषण किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

वाच्य किसे कहते हैं?

प्र.14 ढोलक की आवाज का पूरे गाँव पर क्या असर होता था? (2)

अथवा

स्वयं कविता रच लेने का आत्मविश्वास लेखक के मन में कैसे पैदा हुआ?

प्र.15 निपात किसे कहते है? स्पष्ट कीजिए। (2)

अथवा

'भाषा को सहूलियत' से बरतने से क्या अभिप्राय है?

प्र.16 आलोक धन्वा अथवा रघुवीर सहाय में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए– (3)

(1) दो रचनाएँ (2) भाषा शैली (3) साहित्य में स्थान

प्र.17 महामारी फैलने के बाद गाँव में सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्य में क्या अन्तर होता था? (3)

अथवा

बाजार का जादू चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या–क्या असर पड़ता है?

प्र.18 नशामुक्ति को ध्यान में रखते हुए एक विज्ञापन बनाइए। (3)

अथवा

https://www.mpboardonline.com

निम्नलिखित में निर्देशानुसार वांच्य बदलिए।

(1) शिवचरण से पाठ पढ़ा जाएगा। (कर्तृ वाच्य)

(2) मोहन खूब सोया। ( भाव वाच्य)

(3) शिक्षक ने हिन्दी की परीक्षा ली। (कर्म वाच्य)

प्र.19 निम्नलिखित अपठित गद्यांशो को पढ़कर उनके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (3)

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। इसके लिए मनुष्य को मानसिक रूप से और शारीरिक रूप से दोनों ही प्रकार के स्वस्थ होना चाहिए। स्वच्छ स्वस्थ मानसिकता ही स्वच्छ समाज को जन्म देती है। मनुष्य की शुद्ध सोच नई खोजों को जन्म देती है। इसका असर व्यक्ति विशेष पर नहीं बल्कि समाज, देश, जाति सभी पर समान रूप से पड़ता है। इसलिए मनुष्य को अपनी विचारधारा को विकसित करना होगा। पुरानी परम्पराएँ एवं रूढ़ियों को त्याग करके नयी विकास पद्धति को जन्म देना होगा।

प्रश्न– (1) उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(2) विकसित व स्वच्छ का विलोम शब्द लिखिए।

(3) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश 30 शब्दों में लिखिए।

अथवा

निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर उनके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भारत माता का मन्दिर यह समता का संवाद जहॉ सबका शिव– कल्याण यहॉ है, पावें सभी प्रसाद यहॉ जाति, धर्म या सम्प्रदाय का नही भेद व्यवधान यहॉ सबका स्वागत, सबका आदर, सबका सम सम्मान यहॉ।

प्रश्न– (1) उक्त पद्यांश का शीर्षक दीजिए।

(2) भारत माता के मन्दिर की किन अच्छाइयों का वर्णन किया गया है?

(3) उपर्युक्त पद्यांश का सार लिखिए।

प्र.20 निम्नलिखित पद्यांश की सन्दर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए। (4)

मै यौवन का उन्माद लिए फिरता हूॅ,
उन्मादों में अवसाद लिए फिरता हूॅ,
जो मुझको बाहर हॅसा, रूलाती भीतर,
मै, हाय, किसी की याद लिए फ़िरता हूॅ।

अथवा

कविता एक खिलना है फूलों के बहाने
कविता का खिलना भला फूल क्या जाने।
बाहर भीतर
इस घर, उस घर
बिना मुरझाए महकने के माने
फूल क्या जाने?

निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए। (4)

विधवा सास ने पाल–पोस कर बड़ा किया। बचपन में वह गाय चराता धारोष्ण दूध पीता और कसरत किया करता था। गाँव के लोग उसकी सास को तरह–तरह की तकलीफ दिया करते थे। लुट्टन के सिर पर कसरत की धुन लोगों से बदला लेने के लिए ही सवार हुई थी। नियमित कसरत ने किशोरावस्था में ही उसके सीने और बॉहों को सुडौल तथा मांसल बना दिया था। जवानी में कदम रखते ही वह गाँव में सबसे अच्छा पहलवान समझा जाने लगा। लोग उससे डरने लगे और वह दोनों हाथों को दोनों ओर 45 डिग्री की दूरी पर फैलाकर पहलवानों की भाँती चलने लगा। वह कुश्ती भी लड़ता था।

प्र.22 अपने प्राचार्य को छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्र लिखिए। (4)

अथवा

समय के सदुपयोग पर बल देते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए।

प्र.23 किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लेख लिखिए। (4)

(1) आतंकवाद
(2) वृक्ष धरा के भूषण
(3) प्लास्टिक की दुनिया
(4) जहॉ चाह वहाँ राह

अथवा

किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में निबंध लिखिए।

(1) जल ही जीवन है।
(2) भारतीय समाज में नारी का स्थान
(3) विज्ञान–वरदान और अभिशाप
(4) दहेज प्रथा और नारी

**https://www.mpboardonline.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Send your old paper & get 10/-**
**अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**

https://www.mpboardonline.com